पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 अंक : 250 हल्द्वानी बुधवार, 15 अप्रैल 2026 मूल्य 1.00 रुपये पृष्ठ: 8

## एक नजर

### 13 बोतल शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**लोहाघाट।** एसपी चंपावत रेखा यादव के निर्देश पर जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना लोहाघाट पुलिस टीम द्वारा लोहाघाट के मीना बाजार में शराब की तस्करी कर रहे अभियुक्त पुष्कर सिंह सामंत निवासी ग्राम निडिल थाना पंचेश्वर के कब्जे से 13 बोतल मैकडवल अंग्रेजी शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना लोहाघाट में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### खेलते-खेलते गड्ढे में गिरा मासूम, मौत

**शक्तिफार्म।** क्षेत्र में हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां खेलते-खेलते एक दो वर्षीय मासूम की सोखता गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम निवासी अमित सरकार का इकलौता बेटा आदर्श पास के घरों में खेलने के लिए अक्सर जाया करता था। मंगलवार को भी वह पड़ोसी के घर चला गया, लेकिन देर तक वापस नहीं लौटा। इससे चिंतित परिजनों उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद बच्चे का शव पड़ोसी के घर में बने पानी निकासी के सोखता गड्ढे में मिला। यह दृश्य देख परिजनों के होश उड़ गए और मौके पर ही चीख-पुकार मच गई परिजन तुरंत बच्चे को नजदीकी निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। खासकर मां का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में गहरा दुख और आक्रोश भी देखा जा रहा है।

### खाई में गिरने से बची ब्रेजा कार पैराफिट ने बचाई जान

**चंपावत।** टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग में आज बुधवार दोपहर 12.00 बजे के आसपास एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। जानकारी के मुताबिक टनकपुर से पिथौरागढ़ की ओर जा रही ब्रेजा कार संख्या यूके 05ई 2460 चंपावत के धोन के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया ब्रेजा कार पैराफिट के ऊपर चढ़ गई कहा अगर कार पैराफिट में नहीं रुकती तो सैकड़ो फुट गहरी खाई में समा जाती । और एक भीषण हादसा सामने नजर आता। कार में एक पुरुष व दो महिलाएं सवार थी जिन्हें मामूली चोटे आई है। लोगों ने कहा पैराफिट की वजह से एक बड़ा हादसा टल गया।

# विधायक और डीएम ने किया हैली सेवा का शुभारंभ

### हैली सेवा की शुरुआत से कुमाऊं क्षेत्र में कनेक्टिविटी एवं पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : विधायक

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** कुमाऊ में हैली सेवा का विस्तार आज पंतनगर एयरपोर्ट से विधायक शिव अरोरा व जिला अधिकारी नितिन भदौरिया ने फ्लैग दिखाकर पवन हँस की हैली सेवा का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विकसित उत्तराखंड बनने की सोच व उत्तराखंड में हवाई कनेक्टिविटी व पर्यटन को बढ़ावा देने की उद्देश्य से पंतनगर से पवन हँस की हैंली सेवा की शुरुआत हुई जिससे देहरादून, अल्मोड़ा, नैनीताल हेतु हवाई कनेक्टिविटी बेहतर



होगी। विधायक शिव अरोरा बोले रुद्रपुर क्षेत्र जो औद्योगिक राजधानी कहां जाता है उद्योग आने से यहां का विस्तार बहुत तेज गति से हुआ है बड़ी-बड़ी इंडस्टर्यों के आने से रोड कनेक्टिविटी का विस्तार तो हुआ ही है साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास रूपी सोच के अनुरूप पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है, इसके बाद से यहाँ इंटरनेशनल हवाई सेवाएं आरंभ होगी लेकिन हमारे पर्वतीय क्षेत्र को पंतनगर से जोड़ने के लिए यह हेली सेवा बहुत कारगर सिद्ध होंगी, इससे कुमाऊं में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और 12 महीने कुमाऊं क्षेत्र में आने वाले पर्यटक हैंली सेवा के माध्यम से पहाड़ी क्षेत्र में जा सकेंगे। निश्चित रूप से पवन हंस द्वारा शुरू की गई यह हैली सेवा बहुत कारगर सबित होंगी इसके लिये हम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हैं जिनके विजन के कारण यह संभव हो पाया विधायक अरोरा बोले पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तार तेज गति से हो रहा है जिसमें पहले फेस में बाउंड्री वॉल कार्य गतिमान है और अब जल्दी रनवे और टर्मिनल बिल्डिंग बनाने का कार्य भी आरंभ होने जा रहा है इसके बाद से हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार या तेजी से होगा वही हेली सेवा प्रारंभ होने से कुमाऊं में कनेक्टिविटी बढ़ेगी और देहरादून जाना भी सुगम होगा।

वही हैली सेवा शुभारंभ अवसर पर जिला अधिकारी नितिन सिंह भदोरिया, सीडीओ दिवेश शसानी, एयरपोर्ट डायरेक्टर पवन कुमार सिविल इंचार्ज अनुज गुप्ता ऑपरेशन इंचार्ज नीरज सैनी, स्टेशन इंचार्ज आलिया हैदर, मार्केटिंग मैनेजर वीसी तिवारी असिस्टेंट मैनेजर अजय कमाल आदि लोग मौजूद रहें।

### तीन साल से पानी को तरसे ग्रामीण, 'हर घर जल' योजना फेल

**नैनीताल।** जनपद के ग्राम सभा साल में पेयजल संकट को लेकर आज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। पूर्ण दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं प्रमुख राज्य आंदोलनकारी के नेतृत्व में मुख्य सड़क पर धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि तोक खालगड़ा क्षेत्र में पिछले तीन-चार वर्षों से पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना का लाभ क्षेत्र में नाम मात्र भी नहीं पहुंच पाया है। मजबूरी में लोग आज भी पीने के पानी और पशुओं के लिए दूर-दराज से सिर पर पानी ढोकर ला रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने मौके पर पहुंचे अधिकारियों के माध्यम से जिला प्रशासन नैनीताल एवं जल निगम को ज्ञापन सौंपते हुए पूछा कि आखिर ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा से क्यों वंचित रखा जा रहा है। साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाए गए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे जिला अधिकारी कार्यालय पर उग्र

# ट्रेन में गन पॉइंट की नोक पर व्यापारी से सात लाख लूटे

### काठगोदाम से दिल्ली जा रही संपर्क क्रांति में हुई वारदात, बदमाशों ने फायर भी झोंका

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** काठगोदाम से दिल्ली जा रही संपर्क क्रांति ट्रेन में आज एक सनसनीखेज वारदात हो गई कि जब हथियारबंद बदमाशों ने गन पॉइंट की नोक पर रुद्रपुर के एक व्यापारी से लाखों की लूट कर ली और हवाई फायर कर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर व्यापारियों में दहशत फैल गई ।

उन्होंने रेलवे स्टेशन पहुंचकर मामले की जानकारी अधिकारियों को दी और शीघ्र खुलासे की मांग की। जानकारी के मुताबिक रुद्रपुर ऑटो पार्ट्स संगठन के अध्यक्ष मनजीत सिंह गगनेजा के कर्मचारी आज प्रात:




रुद्रपुर से संपर्क क्रांति ट्रेन में सवार होकर दिल्ली दुकान का सामान लेने जा रहे थे। उनके पास सात लाख की नगदी थी।

जैसे ही ट्रेन बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर रुकी तभी कुछ बदमाश हथियारों के साथ उनके पास पहुंचे और गन पॉइंट की नोक पर 7 लाख रुपए लूट लिए और फायर करते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद वहां दहशत फैल गई। व्यापारी नेता ने इसकी सूचना व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा को दी। वह अन्य व्यापारियों के साथ रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे और जीआरपी व रेलवे के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह बेहद दुस्साहस से भरी घटना है कि चलती ट्रेन में ही व्यापारी से लूटपाट की गई। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाए।

# हल्द्वानी में 66 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** जनपद में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेलने वाले तस्करों पर सख्ती दिखाते हुए एसओजी और हल्द्वानी पुलिस की संयुक्त टीम ने एक आरोपी को भारी मात्रा में अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टी.सी. के निर्देशन में जिलेभर में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी डॉ. जगदीश चन्द्रा और क्षेत्राधिकारी अमित सैनी के पर्यवेक्षण में 14 अप्रैल 2026 को कोतवाली हल्द्वानी और एसओजी



टीम ने भोटिया पड़ाव क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को रोका।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 221 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 66 लाख 30 हजार आंकी गई है। पुलिस ने मौके से 14,520 नकद, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान विजय सिंह नेगी (35) पुत्र स्व. राम सिंह, निवासी ग्राम बैड़ा, थाना द्वाराहाट, जिला अल्मोड़ा (वर्तमान पता- गंगा कॉलोनी, हल्द्वानी) के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली हल्द्वानी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पहले भी मादक पदार्थों से जुड़े मामले दर्ज हैं।

इस सफलता पर एसएसपी नैनीताल ने पुलिस टीम को रु. 1500 के पुरस्कार से सम्मानित किया है। पुलिस का कहना है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले नशा तस्करों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सम्पादकीय

## लोकतंत्र के विस्तार की दिशा में एक निर्णायक कदम

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में कुछ बदलाव ऐसे होते हैं जो शोर नहीं करते, लेकिन इतिहास की दिशा बदल देते हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 जिसे सामान्यत: महिला आरक्षण विधेयक कहा जाता है ऐसा ही एक परिवर्तन है। इसे केवल एक विधायी सुधार के रूप में देखना इसकी व्यापकता को सीमित करना होगा, दरअसल यह भारतीय लोकतंत्र के चरित्र को अधिक समावेशी, संतुलित और प्रतिनिधिक बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण केवल एक सांख्यिकीय सुधार नहीं है। यह उस ऐतिहासिक असंतुलन को संबोधित करता है, जिसमें देश की आधी आबादी लंबे समय तक निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया से हाशिये पर रही। यह विधेयक इस मूल प्रश्न का उत्तर देता है कि क्या लोकतंत्र केवल मताधिकार तक सीमित रह सकता है, या उसे प्रतिनिधित्व के स्तर पर भी समानता सुनिश्चित करनी चाहिए। निश्चित रूप से, इस विधेयक को लेकर कुछ आशंकाएँ भी व्यक्त की गई हैं। आलोचकों का तर्क है कि आरक्षण स्वत: सशक्तिकरण की गारंटी नहीं देता। यह चिंता पूरी तरह निराधार नहीं है, परंतु इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के व्यापक संदर्भ में समझना होगा। इतिहास साक्षी है कि हर बड़ा सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन चाहे वह सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का विस्तार हो या पंचायती राज संस्थाओं में आरक्षण शुरुआत में संदेह के घेरे में रहा, किंतु समय के साथ उसने समाज को अधिक समावेशी बनाया। महिला आरक्षण विधेयक भी इसी क्रम की एक कड़ी है। यह एक पाइपलाइन प्रभाव उत्पन्न करेगा, जिसके तहत राजनीति में महिलाओं की भागीदारी धीरे-धीरे बढ़ेगी और नेतृत्व के विभिन्न स्तरों पर उनकी उपस्थिति सशक्त होगी। आज संसद और विधानसभाओं में उनकी संख्या बढ़ेगी, तो कल नीति-निर्माण, प्रशासन और राजनीतिक नेतृत्व में उनकी निर्णायक भूमिका स्वाभाविक रूप से स्थापित होगी। इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण पहलू इसका सांस्कृतिक प्रभाव भी है। प्रतिनिधित्व केवल प्रतीकात्मक नहीं होता, वह प्रेरणादायक भी होता है। जब युवा पीढ़ी विशेषकर लड़कियाँ महिलाओं को सत्ता के केंद्र में देखती हैं, तो उनके लिए राजनीति और नेतृत्व की आकांक्षा सहज और स्वाभाविक बन जाती है। यह बदलाव समाज के मानस को गहराई से प्रभावित करता है। इसके अतिरिक्त, महिला नेतृत्व की प्राथमिकताओं ने स्थानीय निकायों के स्तर पर यह स्पष्ट किया है कि वे अक्सर स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और जल जैसे बुनियादी मुद्दों को प्राथमिकता देती हैं। यदि यही दृष्टिकोण राष्ट्रीय स्तर पर भी परिलक्षित होता है, तो शासन की दिशा अधिक मानवीय और समावेशी हो सकती है। महिला आरक्षण विधेयक केवल सीटों का पुनर्वितरण नहीं है यह लोकतंत्र की आत्मा को विस्तार देने का प्रयास है। यह उस भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक कदम है, जहाँ समानता केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि व्यवहारिक वास्तविकता बन सके। लोकतंत्र तब ही पूर्ण होगा, जब उसमें हर नागरिक की आवाज़ समान रूप से गूंजे और यह विधेयक उसी दिशा में एक सशक्त पहल है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की महापौर विकास ने

### दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की सौगात के लिए जताया आभार,प्रधानमंत्री के दौरे को बताया विकास का नया अध्याय



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जीटीसी हैलीपैड पर मुलाकात की और प्रधानमंत्री का देवभूमि आगमन पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए 212 किलोमीटर लंबे ऐतिहासिक इकोनॉमिक कॉरिडोर की सौगात मिलने पर उनका आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र कल एक दिवसीय उत्तराखण्ड दौरे पर आये थे। इस दौरान उन्होंने 212 किमी लंबे इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण किया। अपने 28वें उत्तराखण्ड दौरे के बाद वापस लौटते समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीटीसी हैलीपैड पर प्रदेश के कई प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान रूद्रपुर के महापौर विकास शर्मा को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का अवसर मिला। इस दौरान महापौर ने उत्तराखण्ड को दून दिल्ली ऐलिवेटेड एक्सप्रेस वे की ऐतिहासिक सौगात देने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

इस मुलाकात के दौरान प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन सहित शासन-प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे प्रधानमंत्री से मुलाकात के उपरांत उत्साहित महापौर विकास शर्मा ने इस दौरे को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने ने दून-दिल्ली एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह कॉरिडोर केवल एक सड़क मात्र नहीं है, बल्कि उत्तराखंड की आर्थिक प्रगति की जीवन रेखा सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से जुड़ाव बेहद गहरा है और यहां की जनता के हृदय में उनके प्रति अटूट विश्वास है। जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ ने एक बार फिर केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यों पर अपनी मुहर लगा दी है। करीब 12 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजना से राज्य के पर्यटन और व्यापारिक क्षेत्रों को अभूतपूर्व गति मिलेगी। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री का हर दौरा उत्तराखंड के लिए नई ऊर्जा और नई उम्मीदें लेकर आता है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर से जहां सफर सुगम होगा, वहीं प्रधानमंत्री की गारंटी पर प्रदेशवासियों का भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है। विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह सफल दौरा न केवल विकास का पहिया तेज करेगा, बल्कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए भी भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की ठोस आधारशिला रखने का कार्य करेगा।

# पिकअप और स्कूटी की टक्कर, एक युवती की मौत, दूसरी गंभीर

**कालाढूंगी।** हल्द्वानी-कालाढूंगी मार्ग पर भाखड़ा पुल के पास मंगलवार को पिकअप और स्कूटी की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूटी सवार दो सहेलियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलते ही कालाढूंगी पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को आपातकालीन एंबुलेंस सेवा के जरिए तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने चकलुवा निवासी 20 वर्षीय भावना रावत को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनकी साथी 20 वर्षीय नेहा जोशी निवासी लामाचौड़, हल्द्वानी को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# छोटे शहरों और कस्बों से निकलकर युवा बना रहे हैं खेलों में मुकाम : धीरेंद्र



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** वुडबॉल एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड के तत्वावधान में जैन ग्लोबल स्कूल,रुद्रपुर के क्रीड़ा प्रांगण में वुडबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु उत्तराखंड वुडबॉल टीम का द्वितीय चरण का चयन ट्रायल संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड के छोटे-छोटे शहरों और कस्बों से निकलकर युवा खेलों में अपना मुकाम बना रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं।

मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदैव खेलों को प्रोत्साहन दिया है और राज्य में युवाओं के लिए खेलों की अनेक योजनाएं बनाई हैं ताकि युवा खेलों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करें।

उन्होंने कहा कि आज फुटबॉल का खेल लोकप्रिय होता जा रहा है और इसमें युवा बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं उन्होंने सभी युवाओं को शुभकामनाएं दी। वुडबॉल एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड द्वारा 12 अप्रैल को एससी गुड़िया लॉ कॉलेज ,काशीपुर में चयन ट्रायल का प्रथम चरण संपन्न हुआ था। डॉ नागेंद्र शर्मा ने बताया कि द्वितीय चरण ट्रायल में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।उक्त चरण ट्रायल में कुल 30 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम तथा द्वितीय चरण ट्रायल में चयनित खिलाड़ी आगामी 14 से 17 मई तक रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित 20 वी सीनियर एवं 14 वी जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। ट्रायल में निर्णायक की भूमिका में लोकेश पांडे,श्वेता भाकुनी एवं योगेश पांडे रहे। उत्तराखंड वुडबॉल टीम के खिलाड़ियों में आशीष कबड़वाल, संदीप,राजा, हेमराज, अतुल, दीपक, अनमोल, हर्षित, रोहित, तेजस्वी, अक्षय, ललित, मयंक, ऋतिक, प्रांजल, विवेक ,रोहित, नितिन, रियांश, सौरव, गणेश, वरदान नवाब वहीदुर रहमान, कशिश शर्मा, वंशिका, आस्था, प्रिया, अंजली, वैशाली तथा सुनैना आदि सम्मलित है।


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

प्रिय स्नेही जन

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


सम्पादक: सुरेश पाठक

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# पंचमुखी श्री हनुमान बालाजी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## क्षेत्र में सुख समृद्धि व कल्याण की कामना की मित्तल दम्पत्ति ने

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** पंचमुखी श्री हनुमान बालाजी मंदिर, गल्ला मंडी रुद्रपुर में आयोजित भव्य धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्वितीय संगम बनकर सामने आया। मंदिर परिसर में सजे दिव्य दरबार की अलौकिक छटा ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जैसे ही बाबा के जयकारे गूंजे और भजनों की मधुर स्वर लहरियां वातावरण में फैलने लगीं, पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। हर ओर जय श्री राम और जय बजरंगबली के गगनभेदी उद्घोष सुनाई दे रहे थे, जिससे समूचा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु—महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे—उत्साहपूर्वक शामिल हुए। सभी ने पूरे मनोयोग, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भजन-कीर्तन में भाग लिया। भक्तों की आंखों में आस्था और हृदय में भक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिला, जिसने आयोजन को और भी दिव्य बना दिया इस पावन अवसर पर भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल अपनी धर्मपत्नी एडवोकेट दीपिका मित्तल के साथ मंदिर पहुंचे।

उन्होंने विधिवत बाबा के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। इसके पश्चात वे बालाजी भक्तों के साथ भक्ति रस में लीन होकर भजनों का भावपूर्ण गुणगान करते नजर आए। उनकी उपस्थिति से कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। जब उन्होंने भक्तों के साथ मिलकर भजन गाए, तो पूरा मंदिर परिसर भक्ति में झूम उठा और जयकारों से गूंजायमान हो गया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो समूचा वातावरण प्रभु भक्ति में विलीन हो गया हो। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, हवन एवं भजन-कीर्तन का अत्यंत भव्य आयोजन किया गया। विद्वान पंडितों द्वारा विधि-विधान से भगवान हनुमान जी की आराधना कराई गई। श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा, समर्पण और विश्वास के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया तथा अपने जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की।



मंदिर परिसर में सजे भव्य दरबार की आकर्षक सजावट, भजनों की मधुर ध्वनि और भक्तों की आस्था ने पूरे वातावरण को दिव्यता से ओत-प्रोत कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में गुलशन नारंग, गगन वाधवा, सौरव गाबा, सर्वेश मौर्य, शिवांश अग्रवाल, अशोक राजपूत, अजय फुटेला, करण फुटेला, मनोज अरोड़ा, अक्ष नारंग, संस्कार भारती रुद्रपुर के निवर्तमान अध्यक्ष कुशल अग्रवाल, डॉक्टर दीप्ति वर्मा, सात्विक वर्मा, मनीष शर्मा, अनुज छाबड़ा, सूरज सचदेवा, प्रिंस गुप्ता, दिलीप अरोड़ा, सन्नी घई, रजनीश यादव, शिवम देवल, अन्नू वाधवा, अंजू सक्सेना, शिवानी गर्ग, ज्योति गर्ग सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए इसकी भव्यता को और अधिक बढ़ाया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करने के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति और आस्था से जुड़े कार्यक्रम लोगों के जीवन में सकारात्मकता लाते हैं तथा आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपनी सनातन संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मूल्यों को संरक्षित रखते हुए आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना चाहिए, ताकि हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत सदैव अक्षुण्ण बनी रहे।अंत में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और बाबा से अपने जीवन में सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं मंगल की कामना की। यह भव्य आयोजन न केवल एक धार्मिक उत्सव रहा, बल्कि श्रद्धालुओं के हृदय में आस्था, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा की अमिट छाप छोड़ गया।

# अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग, पोल्ट्री फार्म व गेहूं की फसल जलकर राख

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** क्षेत्र की ग्राम सभा बसगर में मंगलवार को अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई, जिससे एक पोल्ट्री फार्म और गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जसविंदर सिंह पुत्र कर्नेल सिंह का पोल्ट्री फार्म आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गया। इसके अलावा गुरदीप सिंह की लगभग पौने एकड़ खड़ी गेहूं की फसल भी नष्ट हो गई। आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना के दौरान मौके पर मौजूद मजदूरों और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और ट्रैक्टरों से खेतों की जुताई कर तथा अन्य संसाधनों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

समय रहते आग पर नियंत्रण होने से आसपास के अन्य खेतों को बचा लिया गया। ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना राजस्व विभाग को देते हुए प्रभावित किसानों के लिए मुआवजे की मांग की है।

# ठुकराल और गाबा के हस्तक्षेप से निपटा श्रमिक मुआवजे का विवाद



## मृतक के पुत्र को नौकरी और मुआवजा देने पर सहमति दी बजाज मोटर्स ने

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रूद्रपुर।** रेलवे पटरी के समीप ट्रेन दुर्घटना का शिकार हुये बजाज मोटर्स के कर्मचारी सुरेश प्रसाद पुत्र बाजी लाल की दुखद मृत्यु तथा उसके बाद कंपनी प्रबंधन के गैर जिम्मेदाराना अमानवीय व्यवहार से आहत बजाज मोटर्स के दर्जनों कामगार सामाजिक कार्यकर्ता सुशील गाबा के साथ प्रात: ही पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। प्रात: लगभग 10:30 बजे पोस्टमार्टम की कार्यवाही संपादित होने के बाद मृतक सुरेश प्रसाद के पुत्र इंद्रजीत को परमानेंट नौकरी 20 लाख रुपए का मुआवजा की मांग को लेकर बजाज कंपनी के श्रमिकों ने सुरेश प्रसाद की पार्थिव देह को बजाज कंपनी में ले जाया गया और गेट के सामने ही धरना लगा दिया गया।

गेट पर भारी संख्या में पुलिस बल एवं पीएसी की तैनाती के बाद भी गाबा और श्रमिक पक्ष के डटे रहने से माहौल बहुत तनावपूर्ण हो गए। इधर श्रमिकों के साथ सुशील गाबा डट गए और उधर प्रबंधन ने भी अड़ियल रवैया अपना लिया । भारी होते माहौल के बीच दोपहर 2:00 बजे लगभग पूर्व विधायक राजकुमार ठकराल मामले का स्वत संज्ञान लेते हुए बजाज मोटर पहुंचे।

भारी पुलिस बल के बीच गाबा पक्ष और प्रबंधन के बीच जरी वाली तनाव को कम करते हुए वार्ता की पहल की, जिसके बाद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी सुशील गाबा, बजाज मोटर्स के कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष जगमोहन रसीला महामंत्री हीरालाल राठौर तथा प्रबंधन पक्ष की ओर से प्लांट हेड सुनील कुमार पीपल तथा एचआर हेड सुरेश गुप्ता की पुलिस बल की मौजूदगी में वार्ता हुई। देर तक चली वार्ता के बाद प्रबंधन ने मृतक के पुत्र इंद्रजीत को पक्की नौकरी देने, कंपनी पॉलिसी के अनुसार मुआवजा, सभी स्टाफ और कर्मियों के एक दिन के वेतन और एंबुलेंस तथा अंतिम संस्कार हेतु नगद धनराशि देना स्वीकार किया। समाजसेवी गाबा ने भी व्यक्तिगत रूप से 20000 की धनराशि का चेक मृतक के परिवार को सौंपा। इस तरह मामले को सुलझाया गया।

इस दौरान सिडकुल श्रमिक मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, बजाज मोटर्स कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष जगमोहन डसीला, महामंत्री हीरा लाल राठौर, कोषाध्यक्ष हेम दुर्गापाल, हैप्पी रंधावा, केरू मंडल, अशोक यादव, ललित बिष्ट, संतोष गुप्ता, उमाशंकर यादव, ललित मटियाली, शिवशंकर प्रसाद, रामजीत प्रसाद, प्रमोद कुमार, विजय लाल, कैलाश कुमार, वीरेन्द्र प्रसाद, अनिल तिवारी, गुड्डू कुमार, तारा सिंह रावत, अविनाश कुमार, जनक किशोर, गोपी गुप्ता, राम प्रवेश प्रजापति, सुदर्शन प्रसाद, नन्हें यादव, अनूप सिंह रावत, सतेन्द्र सिंह, कौशल कुमार आदि सहित सैकड़ों श्रमिक मौजूद थे।

# ट्रांजिट कैंप में भव्य कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक शिव



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैम्प श्री राधा गोविन्द मन्दिर मे 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक आयोजित होने वाले श्री श्री अखण्ड सार्वजनिक महानाम सकीर्तन से पूर्व मंगलवार को ट्रांजिष्ट कैम्प बाजार मे भव्य दिव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ जिसमे क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा भी शामिल हुऐ। इस दौरान विधायक शिव अरोरा हजारों भक्तो संग पैदल कृष्ण नाम की धुन पर झूमते हुए कलश यात्रा मे शामिल हुऐ। राधा गोविन्द मन्दिर मे प्रतिवर्ष बड़े स्तर पर अखण्ड नाम कीर्तन आयोजित होता है वही इसमें राजस्थान, आनंदखेड़ा, ओडिशा, महाराष्ट्र, लखीमपुर खीरी, मलकानगिरी अखण्ड नाम संप्रदाय की टीम शामिल होंगी जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहते है । वही विधायक शिव अरोड़ा ट्रांजिष्ट कैम्प मे राधा गोविंद मंदिर में आज से शुरू है अखण्ड नाम कीर्तन से पूर्व आज निकल गई भव्य दिव्य कलश यात्रा में शामिल होने का सौभाग्य मिला जहां हजारों की तादाद में महिला बुजुर्ग बच्चे युवा ढोल नगाड़ों, संगीत गाजे बाजे के साथ पूरे ट्रांजिष्ट कैम्प में पैदल भ्रमण किया। उन्होंने कहा उनका प्रतिवर्ष राधा गोविंद मंदिर में आना होता है कृष्ण भक्ति पर आधारित यह संकीर्तन बंगाली समुदाय में बहुत पवित्र व दिव्या माना जाता है जिसकी आस्था को देखते हुए बहुत दूर दराज से लोग कीर्तन का श्रवण करने आते हैं। इस दौरान बंगाली महासभा अध्यक्ष राजकुमार साह, बंगाली समिति अध्यक्ष दिलीप अधिकारी, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, जगदीश कर्मकार, कमेटी अध्यक्ष पिंटू राय, सचिव शुभम कर्मकार, केना मंडल, कृष्णापद विश्वास, परितोष सरकार, अमित सरकार, बाबू सरदार, परिमल राय, अमलेंदु ढाली, शंकर विश्वास, सुबीर दास, सूरज दास, अंकित दास, शुभम मंडल, संजीव मंडल, विश्वजीत मंडल, विपलव हलदार, गुड्डू सरकार, राजेश सरकार आदि लोग मौजूद रहें।

# यमुनोत्री धाम यात्रा मार्ग का आई जी द्वारा स्थलीय निरीक्षण

## सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और सुविधाओं को लेकर दिए सख्त निर्देश



**उत्तरकाशी ।** यमुनोत्री धाम यात्रा के नोडल अधिकारी एवं पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण अनन्त शंकर ताकवाले ने यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने डामटा, बड़कोट, पालीगाड़, डाबरकोट, जानकीचट्टी से होते हुए यमुनोत्री धाम तक व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही, भू-स्खलन संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर वहां किए गए सुरक्षा उपायों की समीक्षा की।

द्वल ने निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग और धाम पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। घाटों पर फायर सर्विस, एसडीआरएफ और क्यूआरटी टीमों को सक्रिय रखा जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाए।

यात्रा के दौरान आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए प्रमुख स्थलों, पड़ावों और पार्किंग क्षेत्रों में सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखने तथा बाहरी व्यक्तियों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जानकीचट्टी से धाम तक लगभग 5-6 किमी के पैदल मार्ग पर यात्रियों की सुविधा के लिए घोड़ा-खच्चर एवं डंडी-कंडी के संचालन हेतु रोटेशन प्रणाली लागू करने, भीड़ प्रबंधन की ठोस रणनीति बनाने और दबाव बढ़ने पर वैकल्पिक मार्ग तैयार रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही हॉर्स पॉप योजना के तहत घोड़ा-खच्चरों के मल-निस्तारण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने, कूड़ा-निस्तारण के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने और फिसलन वाले स्थानों पर नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

पर्यटन पुलिस चौकियों, बैरियरों और पंजीकरण केंद्रों पर तैनात पुलिस कर्मियों के लिए खाद्यान्न, अलाव और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई।

यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए वाहनों को निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा कराने तथा भीड़ बढ़ने की स्थिति में फूलचट्टी और राणाचट्टी जैसे होल्डिंग एरिया में वाहनों को रोकने के निर्देश दिए गए।

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं कतारबद्ध दर्शन कराने और सुरक्षा की दृष्टि से शाम के बाद पैदल मार्ग पर यात्रियों की आवाजाही नियंत्रित करने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट चंचल शर्मा, प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र, उप निरीक्षक यातायात वीरेंद्र पंवार सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# पानी के मनमाने बिलों से नाराज़ ग्रामीणों ने एसडीएम प्रतापनगर को सौंपा ज्ञापन

**लंबगांव ।** पट्टी ओण के ग्राम हलेथ के ग्रामीणों ने पेयजल समस्या और जल संस्थान द्वारा मनमाने बिल जारी किए जाने के विरोध में उपजिलाधिकारी प्रतापनगर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा हलेथ में जल संस्थान नई टिहरी द्वारा कराए गए कार्य अधूरे पड़े हैं, जिसके कारण गांव में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। इसके अलावा, कई पेयजल योजनाओं में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है, फिर भी विभाग द्वारा ग्रामीणों को लगातार बिल थमाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने विभाग को लिखित और मौखिक रूप से कई बार अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे जिला अधिकारी कार्यालय, नई टिहरी में धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में उमेद सिंह, गजेंद्र रावत, कमल सिंह, मदन सिंह, विक्रम सिंह, त्रेपन सिंह, जोत सिंह, धर्म सिंह, सुरेंद्र सिंह, भगवान सिंह, दिनेश सिंह, उदय सिंह, चंद्र सिंह और नवीन रावत सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

# नशा उन्मूलन हेतु उत्तरकाशी पुलिस के प्रयास जारी

**उत्तरकाशी ।** पुलिस ने क्षेत्र में चिन्हित नशे के आदी युवकों की पकड़ कर उनकी काउंसलिंग की। इस दौरान एसएचओ द्वारा युवकों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशा समाज में तेजी से फैल रहा है, जिससे खासकर युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है। नशा न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन पर भी गंभीर प्रभाव डालता है।

पुलिस ने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ और सकारात्मक जीवन अपनाएं। साथ ही, नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस पर नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री या अन्य संबंधित गतिविधियों की गोपनीय सूचना दी जा सकती है। इसके अलावा, नशा मुक्ति केंद्रों, उपचार और पुनर्वास सेवाओं से संबंधित जानकारी भी साझा की गई, ताकि नशे के शिकार लोग सही दिशा में आगे बढ़ सकें।

# घर-घर पहुंचा मातृत्व सुरक्षित एवं एनीमिया मुक्त भारत महाअभियान

## घरेलू प्रसव रोकने और संस्थागत प्रसव बढ़ाने को जागरूकता अभियान तेज

**उत्तरकाशी ।** जनपद में मातृत्व सुरक्षित एवं एनीमिया मुक्त भारत महाअभियान के तहत घर-घर जाकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य शिक्षा, उत्तराखंड के निर्देशों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एस. रावत के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित हो रहा है।

सोमवार को संभावित घरेलू प्रसव वाले क्षेत्रों में विशेष फोकस करते हुए ब्लॉक मोरी और डुंडा में दो टीमों द्वारा घर-घर संपर्क कर लोगों को जागरूक किया गया। जिला मुख्यालय की टीम ने ब्लॉक डुंडा के ग्राम पंचायत बौन और बन्दरकोट में आईपीसी बैठकों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम सहित स्वास्थ्य विभाग की अन्य निःशुल्क सेवाओं की जानकारी दी गई।

पहली टीम में जिला आईइसी समन्वयक अनिल बिष्ट, आशा फैसिलिटेटर सरिता रावत, आशा कार्यकर्ता शारदा और मीना पडियार शामिल रहीं।

वहीं दूसरी टीम ने ब्लॉक मोरी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, ग्राम दोणी में जनप्रतिनिधियों, आशा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ संवाद किया। इस दौरान घरेलू प्रसव के बजाय संस्थागत प्रसव अपनाने पर जोर दिया गया।

साथ ही 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को आयरन सिरप तथा गर्भवती एवं धात्री माताओं को आयरन-फोलिक एसिड टैबलेट वितरण की जानकारी दी गई। इसके अलावा पीएमएसएमए दिवस, स्त्र अभियान, टीबी 100 डे कैंपेन, एससीडी स्क्रीनिंग और कैटरेक्ट फ्री विलेज जैसे कार्यक्रमों की भी विस्तृत जानकारी साझा की गई।

संवाद कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक हरदेव राणा और ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक मोरी बलवीर चौहान सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रावत ने बताया कि जिला एवं ब्लॉक स्तर पर गठित टीमों के माध्यम से सीएचओ, एएनएम , आशा फैसिलिटेटर और आशा कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सके।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ




**उत्तरकाशी ( मोहन सिंह राणा ) ।** अग्निशमन दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में अग्निशमन सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर फायर स्टेशन लदाडी में पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार एवं एफ एस एसओ नरेन्द्र सिंह रावत की उपस्थिति में फायर अधिकारी/कर्म0गणों द्वारा अग्निशमन कार्य के दौरान खुद के प्राणों की आहूति देने वाले फायर कर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रदांजलि दी गयी तथा दो मिनट का मौन धारण किया गया। वहीं फायर स्टेशन बड़कोट पर पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट चंचल शर्मा व प्रभारी अग्निशमन अधिकारी बड़कोट सूरत सिंह चौहान के नेतृत्व में फायर स्टेशन बड़कोट के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा देश के लिए शहीद अग्निशमन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर मौन धारण किया गया। तत्पश्चात सी0ओ0 एवं सी0ओ0 द्वारा जनजागरूकता रैली मे सम्मिलित फायर सर्विस के वाहनों को हरी झड़ी दिखाकर विभिन्न क्षेत्रों में रवाना किया गया। ये रैली/वाहन अग्निशमन सप्ताह दिनांक 14 से 20 अप्रैल 2026 के दौरान आमजनमानस को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे।

अग्नि सुरक्षा 2026 की थीम सुरक्षित विद्यालय सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति विद्यालय जागरूक समाज, आग की रोकथाम के लिए एक साथ के क्रम मे आज फायर की रैलियों द्वारा उत्तरकाशी मुख्यालय मे लदाडी, जोशियाडा, मातली, ज्ञानसू, मुख्य बाजार, तेखला तथा बड़कोट शहर क्षेत्र मे आम जनमानस को लाउड स्पीकर के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा फायर सेफ्टी से संबंधी जन जागरूकता पम्पलेट वितरित किये गये। 14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे बन्दरगाह में फोर्ट स्टीफेन नामक जहाज जिसमें युद्ध सामग्री, टनो विस्फोटक पदार्थ, रूई आदि लदा हुआ था उसमें अचानक आग लग गई थी। अकलजेन्डा डाक फायर स्टेशन और कानेक ब्रिज फायर स्टेशन से फायर टैण्डर के अग्निशमन कार्य करने के दौरान विस्फोटक पदार्थों में धमाका होने से 66 अधिकारी/कर्मचारयों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। तब से भारत सरकार ने 14 अप्रैल अग्निशमन सेवा दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया था, जो कालान्तर में 14-20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।

# मातृ स्वास्थ्य पर बड़ा फोकस, संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश

## 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों के लिए कृमि मुक्ति अभियान 7 मई से

**उत्तरकाशी ।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से मातृत्व स्वास्थ्य और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि जनपद में गृह प्रसव को कम करने के लिए प्रभावी रणनीति अपनाई जाए।

उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में गृह प्रसव की संख्या अधिक है, वहां विशेष अभियान चलाए जाएं। इसके लिए जनपद और ब्लॉक स्तर पर टीमों का गठन कर जनजागरूकता अभियान नियमित रूप से संचालित किए जाएंगे।

बैठक में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत पिछले तीन वर्षों के लिंगानुपात की समीक्षा की गई।

साथ ही जनपद में संचालित 5 सरकारी और 2 निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की स्थिति पर चर्चा करते हुए उनके नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए। सभी केंद्रों के प्रतीक्षालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए गए, जिससे पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया गया कि 7 मई 2026 को जनपद के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा दी जाएगी। जो बच्चे उस दिन छूट जाएंगे, उन्हें 14 मई को मॉप-अप डे के तहत दवा दी जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर समय से दवा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और कोई भी बच्चा इससे वंचित न रहे।

कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एस. रावत, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक पी.एस. पोखरियाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बी.एस. पांगती सहित शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई

**उत्तरकाशी।** विकास भवन परिसर में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विभिन्न विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए, उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये द्य साथ उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए, उनके द्वारा समाज के लिए किये गये कार्यों को विस्तार पूर्वक साझा किया।



इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ.अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश को एक सशक्त लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर अपर परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास रमेश चंद्र, मुख्य उद्यान अधिकारी रजनीश सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अतुल आंनद, सहायक समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी, सहायक पंचायती राज अधिकारी नितिन नौटियाल, आदि विभिन्न विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा 2026 के सरल, सुगम एवं व्यवस्थित संचालन पर मंथन

## एस पी द्वारा ली गयी होटल एसोशिएशन, व्यापार मंडल/ टैक्सी/ ट्रक/बस यूनियन के पदाधिकारियों की मीटिंग



**उत्तरकाशी।** पुलिस अधीक्षक कमलेश उपध्याय द्वारा पुलिस लाइन ज्ञानसू, उत्तरकाशी में व्यापार मण्डल, टैक्सी/ट्रक/बस यूनियन, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। मीटिंग में मुख्यत: धाम व मुख्य पडवों पर तीर्थयात्रियों की होल्डिंग कैपेसिटी, व्यवस्थित यातायात मैनेजमेन्ट, पार्किंग सुविधाओं, पुलिस बैरियर्स, यात्री पंजीकरण केन्द्र आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चायें करते हुये यात्रा को सुरक्षित व सफल बनाने के लिए के लिए उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा अपने सुझाव एवं विचार रखें गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुझावों पर काम करने का आश्वासन के साथ सभी से परस्पर समन्वय एवं सहयोग से कार्य करने तथा चारधाम यात्रा को सफल बनाने मे पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। वाहनों को निर्धारित पार्किंग में पार्क किया जाये। नो पार्किंग जोन सड़क किनारे अनावश्यक रुप से वाहन पार्क न किये जाये। प्रेशर हार्न पर सख्त कार्रवाई, लोकल/ट्रेक्सी वाहनों को रजिस्ट्रेशन केन्द्रों पर अनावशयक रोकटोक न करने की हिदायत दी गयी। उपस्थित जनों को बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ सभ्य व्यवहार करने, होटल, धर्मशालाओं पर रुकने वाले तीर्थयात्रियों व पर्यटकों का विवरण, आईडी आदि सुरक्षित रखने की हिदायत दी गयी। होटल, धर्मशाला, दुकानों पर सीसीटीवी कैमारे चालू हालत में रखने के साथ, वहां पर काम करने वाले कर्मचारियों व मजदूरों के सत्यापन अनिवार्य रुप से कराने हेतु बताया गया।

चारधाम यात्रा के अतिरिक्त अपराध तथा नशे पर नियंत्रण हेतु भी गहन चर्चा की गयी। एसपी उत्तरकाशी द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में नशे का दुष्प्रभाव दिनोंदिन बढता जा रहा है, युवाओं में नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए सभी का जागरुक होना बेहद जरुरी है, परिजनों को अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए, बच्चों का गलत संगत में न जाने दें, यदि कोई नशे का आदी हो जाता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें ताकि उनकी काउंसलिंग करवाई जा सके। पुलिस व्यापक स्तर पर जनजागरुकता कार्यक्रम व सेमीनार लगाकर आम नागरिक को नशा व साइबर अपराधों के प्रति सजग करने का प्रयास कर रही है, साथ ही नशा तस्करों पर नकेल कसी जा रही है, यदि किसी के पास नशे के कारोबार या अन्य गतिविधि से सम्बंधित कोई जानकारी रहती है तो बेझिझक पुलिस से साझा करें, अथवा 1933 पर जानकारी दें। मीटिंग में पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी जनक सिंह पवार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्री दिनेश कुमार प्रभारी निरीक्षक मनेरी श्री दीपक नौटियाल, प्रभारी निरीक्षक एलआईयू विकास नौटियाल उप निरीक्षक यातायात बड़कोट वीरेंद्र पंवार, अध्यक्ष होटल एसोसिएशन शैलेंद्र सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम सिंह गुसाई, अध्यक्ष टैक्सी यूनियन भटवाड़ी बलबीर सिंह सरदार, अध्यक्ष हरी आदर्श टैक्सी यूनियन जोशियाडा जीत सिंह राणा, अध्यक्ष श्री काशी विश्वनाथ ट्रक एसोसिएशन किशन सिंह रमोला सहित व्यापार मण्डल, टैक्सी/ट्रक/बस यूनियन एवं होटल एशोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिले में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती



**उत्तरकाशी।** भारतीय संविधान के शिल्पी और सामाजिक न्याय के प्रणेता भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वी जयंती जनपद में श्रद्धा, उल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जनपदवासियों ने बाबा साहेब के जीवन संघर्षों को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजन की शुरुआत हिमालय अम्बेडकर सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य प्रभात फेरी से हुई, जो राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से शुरू होकर अम्बेडकर भवन तक निकाली गई। प्रभात फेरी की शुरुवात उपशिक्षा अधिकारी हर्षा रावत द्वारा की गयी जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कलेक्ट्रेट परिसर के गंगोत्री भवन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर का विराट व्यक्तित्व और उनके द्वारा किए गए महान कार्य देश और समाज को युगों-युगों तक मार्ग दिखाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। हिमालय अम्बेडकर सेवा समिति भवन परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होते हुए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसी विलक्षण प्रतिभाएँ सदियों में एक बार जन्म लेती हैं। उन्हें आधुनिक भारत के नवनिर्माण का जनक बताते हुए जिलाधिकारी ने युवा पीढ़ी और छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के जीवन संघर्षों, उनके दार्शनिक चिंतन और विचारों का गहराई से अध्ययन करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि सामाजिक समानता और न्याय के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन-दर्शन को अद्भुत और अनुकरणीय बताते हुए समाज के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान वक्ताओं ने उनके शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के मूल मंत्र को आत्मसात करने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न स्कूलों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्षात्र छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान ने बाबा साहेब की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन केवल एक महान व्यक्तित्व के जन्म का उत्सव नहीं है, बल्कि यह संकल्प लेने का दिन है, उस समानता, न्याय और बंधुत्व के लिए जिसे बाबासाहेब ने भारतीय संविधान की आत्मा बनाया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब केवल संविधान के शिल्पकार ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के प्रबल पैरोकार थे। उन्होंने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जहाँ जाति, धर्म या लिंग के आधार पर कोई भेदभाव न हो और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी उन्नति के समान अवसर प्राप्त हों।

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र, डीएसओ आशीष कुमार,डीडीएमओ शार्दूल गुसाईं सहित अन्य अधिकारी और कार्मिक उपस्थित रहे। मुख्य कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, सभासद महावीर चौहान,आदित्य चौहान,ज्येष्ठ प्रमुख भटवाड़ी मीरा देवी, हिमालयन अंबेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, जिला महामंत्री प्रकाश विद्वान,कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार केवल, मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह, सीएचओ रजनीश सिंह, सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा।

# ऑपरेशन प्रहार: पुरोला पुलिस द्वारा बरामद की गयी 32 लीटर कच्ची शराब




## धोखाधड़ी के मामले में 1 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**उत्तरकाशी।** पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन व में शांति एवं कानून व्यवस्था को सदृड़ करने, अपराधियों की धरपकड़ तथा यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत उत्तरकाशी पुलिस की कार्यवाही लागातार जारी है।

इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट चंचल शर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष पुरोला के नेतृत्व में पुरोला पुलिस टीम द्वारा सटीक जानकारी जुटाते हुये बीते रोज ग्राम रौन पुलिया के पास जंगल में छापामारी करते हुये 32 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। शराब की तस्करी कर रही 2 महिलाओं को पुलिस की भनक लगते ही वह शराब तथा अपनी-अपनी कंडी जंगल में छोड़कर भाग गये। महिलाओ के विरुद्ध थाना पुरोला पर आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया है। अभियुक्ताओं की तलाश की जा रही है। वहीं पुरोला पुलिस की टीम द्वारा धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत धोखाधड़ी के मामले में वारंटी अभियुक्त राकेश सिंह पडियार(43 वर्ष) को बीते रोज मोगरा पुल, गैस एजेंसी के पास नौगांव से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# जिला विकास प्राधिकरण के विरोध में गांधी पार्क में सर्वदलीय संघर्ष समिति का प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** जिला विकास प्राधिकरण के विरोध में सर्वदलीय संघर्ष समिति की ओर से गांधी पार्क, चौघानपाटा में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने सरकार पर जनता विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से लागू जिला विकास प्राधिकरण व्यवस्था के कारण आम लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि जमीन और मकान के नक्शे पास कराने की प्रक्रिया जटिल और लंबी हो गई है, जिससे लोगों का समय और धन दोनों व्यर्थ हो रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की समस्याओं और हितों की अनदेखी कर रही है, जिसके चलते आम नागरिक लगातार तनाव और असुविधा से गुजर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक सरकार इस जनविरोधी योजना को वापस नहीं लेती, तब तक सर्वदलीय संघर्ष समिति इसका विरोध जारी रखेगी। वक्ताओं ने मांग की कि जिला विकास प्राधिकरण व्यवस्था को समाप्त कर पूर्व की सरल और जनहितैषी प्रणाली को बहाल किया जाए। विरोध प्रदर्शन में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, रोबिन मनोज भंडारी, पार्षद हेम चंद्र तिवारी, आलोक गोयल पूर्ण रौतेला लक्ष्मण सिंह ऐठानी,अख्तर हुसैन केवल सती ,ताराचंद जोशी ,भारत रत्न पांडे, प्रतेश पांडे, शाहबुद्दीन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चारधाम यात्रा 2026: श्रद्धालुओं की सेहत पर विशेष फोकस, राज्यों में हेल्थ अलर्ट अभियान शुरू



**देहरादून।** चारधाम यात्रा 2026 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए उत्तराखंड सरकार ने इस बार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देते हुए व्यापक रणनीति तैयार की है। सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिन कुर्वे के दिशा-निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष हेल्थ एडवाइजरी जारी की है, जिसका उद्देश्य यात्रा के दौरान संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को कम करना और जागरूकता बढ़ाना है। अंतरराज्यीय समन्वय को मजबूत करते हुए 9 अप्रैल 2026 को स्वास्थ्य विभाग के सहायक निदेशक डॉ. अमित शुक्ला ने राजस्थान का दौरा किया। यहां प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक कर यात्रा से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों और आवश्यक सावधानियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राजस्थान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और पब्लिक हेल्थ विभाग के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि चारधाम यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए जारी दिशा-निर्देशों का बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। खासतौर पर राजस्थान से आने वाले यात्रियों को यात्रा से पहले ही जरूरी स्वास्थ्य जानकारी और सावधानियां उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि वे पूरी तैयारी के साथ यात्रा पर निकल सकें। अभियान को केवल शहरों तक सीमित न रखते हुए इसे गांव-गांव तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु लाभान्वित हो सकें और यात्रा के दौरान स्वास्थ्य जोखिम कम किए जा सकें। सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी में विशेष रूप से बुजुर्गों, हृदय रोगियों और श्वास संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों को यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई है। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ऑक्सीजन की कमी, मौसम में अचानक बदलाव और लंबी पैदल यात्रा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयां, शारीरिक फिटनेस और पूर्व तैयारी पर भी जोर दिया गया है। उत्तराखंड सरकार ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं और जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि यात्रा सुरक्षित और सुखद बन सके। इस संबंध में डॉ. अमित शुक्ला ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि श्रद्धालु पूरी तरह जागरूक और तैयार होकर यात्रा पर निकलें, जिससे किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या से बचा जा सके।

# धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती, निकली भव्य शोभा यात्रा



**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** संविधान निर्माता करोड़ों दलितों शोषितो वंचितो के मसीहा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयती के अवसर पर विधायक शिव अरोड़ा ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग मुख्य बाजार स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा के सुमन अर्पित किये। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहाँ डॉ भीमराव अंबेडकर जिन्होंने सदैव शोषितो दलितों की आवाज उनके हक की लड़ाई को लड़ा जिनके मजबूत संविधान की बदौलत भारत की पहचान देश हीं नहीं विश्व पटल पर एक मजबूत सशक्त भारत के रूप में नजर आती है भारत का संविधान देश ही नहीं पूरे विश्व में अपने आप में एक मजबूत लोकतंत्र को दर्शाता है वही 14 अप्रैल उनकी जयंती के अवसर पर आज मुख्य बाजार स्थित उनकी प्रतिमा पर मालार्पण कर उनको याद किया है।डॉ भीमराव अंबेडकर देश के पहले



कानून मंत्री रहे एक विद्वान के रूप में उन्होंने देश को नई दिशा दशा देने का कार्य किया डॉ आंबेडकर के नेतृत्व में एक मजबूत संविधान का निर्माण हुआ देश के लिए उनका अतुल्य योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने सदैव अंतिम पायदान में बैठे शोषित वंचित की लड़ाई को लड़ा और आज इसी मजबूत संविधान के जरिए हमारे शोषित वंचित वर्ग के लोग समाज के मुख्य धारा से जुड़ने एवं देश के सर्वोच्च पदों को भी सुशोभित कर रहे हैं।विधायक शिव अरोड़ा बोले डॉ आंबेडकर सदैव समाज में छुआछूत,भेदभाव के खिलाफ रहे और उनकी इसी बुद्धिमत्ता के कारण देश में एकता अखंडता समानता का भाव आया इस कारण देश में भेदभाव की मानसिकता का अंत हुआ। विधायक अरोरा बोल डॉ भीमराव अंबेडकर हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं जिनके दिखाएं मार्ग पर हम सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में समाज की सेवा कर रहे हैं।

इस दौरान भाजपा काशीपुर जिला प्रभारी पुष्कर सिंह काला, देवभूमि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, मुकेश पाल, पार्षद राजेश जग्गा, पवन राणा, धर्म सिंह कोली, सुनील वाल्मीकि, चन्द्रसेन चंदा,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान, संदीप राव, राजेश कामरा, मनोज मदान, जीतेन्द्र संधू, विकास सागर, विजेंद्र सागर, सुनील सिंह, डी के गंगवार, सुदीप डे, विष्णु सिंह आदि लोग मौजूद रहें।

**सितारगंज।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शहर का माहौल पूरी तरह उत्सवमय और श्रद्धा से सराबोर नजर आया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के तहत सबसे पहले आंबेडकर विद्यालय परिसर में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के जीवन, विचारों और उनके बताए मार्ग पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



इसके उपरांत नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई शहर के मुख्य चौराहों तक पहुंची। इस दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया और जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रही।

आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन डॉ. आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का एक प्रयास है।

**लोहाघाट।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर लोहाघाट स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय छात्रावास में भीमराव अंबेडकर समारोह आयोजन समिति अध्यक्ष शेखर गोरखा की अध्यक्षता तथा राम प्रसाद कालाकोटी के संचालन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को मिला।कार्यक्रम से पूर्व लोहाघाट नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, छात्र-छात्राओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में जय भीम के नारो से पूरा नगर गूंज उठा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने छात्रावास परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विधिवत अनावरण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस दौरान हरीश द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया तथा उपस्थित सभी लोगों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई। साथ ही त्रिरत्न शरणागति (तिसरना) का वाचन भी किया गया। छात्रावास के विद्यार्थियों ने जिलाधिकारी को भीम पट्टिका एवं संविधान की पुस्तिका भेंट कर की। वहीं कुमाऊँ लोक सांस्कृतिक कला दर्पण, लोहाघाट की टीम द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी।इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा प्रदत्त समानता, न्याय और अधिकारों के सिद्धांत आज भी समाज के मार्गदर्शक हैं।

उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है, जिसे समझना और उसका पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं नागरिकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, , अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी नीतू डागर, गोविंद बोहरा, राजेंद्र गरकोटी, सचिन जोशी, अमित कुमार, दयाल कुमार, राम बहादुर, दीवान राम, रीता गहतोड़ी, सीमा देवी, प्रकाश चंद्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राजकीय हाईस्कूल चौखाल में धूमधाम से मनाई अम्बेडकर जयंती

**पिथौरागढ़।** राजकीय हाईस्कूल चौखाल में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य योगेश डिमरी द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। योगेश



डिमरी ने कहा कि भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर को संविधान का जनक कहा जाता है। वह भारत के पहले कानून मंत्री रहे। उन्होंने समाज के वंचित वर्ग और महिला अधिकारों के लिए कार्य किया। वह समाजसेवी, अर्थशास्त्री, कानूनविद तथा राजनीतिज्ञ भी थे। प्रधानाचार्य ने छात्र छात्राओं को डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा बताए गए न्याय और समानता के मार्ग का अनुसरण करने को कहा। इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला, सामान्य ज्ञान, सुलेख एवं भाषण आदि प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। जिनमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर उमेश चन्द्र भट्ट, नीलम लोहिया, नेहा पंत, करुणेश पाठक, दिनेश कार्की आदि उपस्थित रहे।

**उधर** हिट पहाड़ जन-जागरूकता समिति, पिथौरागढ़ द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर राजकीय कन्या पूर्व माध्यमिक एवं



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विषाड़ में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को बाबा साहेब के जीवन संघर्षों एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था।प्रतियोगिता को जूनियर एवं सीनियर वर्ग में विभाजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जूनियर वर्ग में साक्षी ने प्रथम, अनीता मेहता ने द्वितीय तथा सिमरन कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में मानसी प्रथम, कुमारी रोशनी द्वितीय और अमित तृतीय स्थान पर रहे।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम का वातावरण और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। प्रतिभागियों ने अपने भाषणों में डॉ. अंबेडकर के विचारों, उनके संघर्षों तथा समाज के प्रति उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सराहनीय बताते हुए समिति के प्रयासों की प्रशंसा की।कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अंकित पाण्डेय, उपाध्यक्ष विशाल सिरौला, सचिव अभिषेक सिंह पोखरिया, कोषाध्यक्ष साक्षी तिवारी सहित उदय, कोमल, भावना आदि उपस्थित रहे।

## सोशल ब्लू फ्रंट ने की भूख हड़ताल शुरु

**पिथौरागढ़।** भीम राव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं और स्कूल बसों की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता और सोशल ब्लू फ्रंट के संस्थापक कार्तिक टम्टा ने रामलीला मैदान टकाना में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। कार्तिक टम्टा ने कहा कि शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने के बावजूद हमारे सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी विद्यालय आने जाने के लिए मीलों पैदल चलने को मजबूर हैं। गुरना इंटर कॉलेज आने के लिए विद्यार्थी 12, 13 किलोमीटर पैदल चल रहे हैं। सरकार ने उनकी व्यथा सुननी चाहिए। मैं उनका दर्द नहीं देख सकता। मैंने उनको वचन दिया है कि मैं तुम्हारी व्यथा दूर करने के लिए संघर्ष करूंगा। मैंने प्रण लिया है कि मैं उनके लिए स्कूल बस की व्यवस्था करूंगा। मेरे भले ही भूख हड़ताल करते करते प्राण चले जाएं। मैं संघर्ष के मार्ग से नहीं डिगूंगा। हमने विधायक मयूख महर, मेयर कल्पना देवलाल तथा जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई को भी बच्चों की व्यथा बताईइ। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की हम मांग करते हैं। हर विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिएइ। जब तक प्रशासन स्कूल बस की व्यवस्था और हमारी मांगों को पूरा नहीं करता यह अनशन जारी रहेगा। आंदोलनरत पूर्व सैनिकों ने भी हमारी व्यथा को समझा। भूख हड़ताल को पूर्व सैनिक संगठन ने भी अपना समर्थन दे दिया है।

## चड़क पूजा में आस्था और साहस का अद्भुत संगम

**शक्तिफार्म।** क्षेत्र में आयोजित चड़क पूजा के दौरान श्रद्धा, आस्था और साहस का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में संन्यासियों ने ऐसे रोंगटे खड़े कर देने वाले करतब प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर हजारों श्रद्धालु दंग रह गए।मंगलवार को आयोजित इस विशेष पूजा में पश्चिम बंगाल से आई टीम ने विधि-विधान के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद संन्यासियों ने अपनी पीठ में लोहे के कांटे चुभोकर करीब 25 फीट ऊंचे चरखे पर झूलते हुए अद्भुत साहस का प्रदर्शन किया। इस दौरान पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। संन्यासियों ने शरीर में त्रिशूल और कांटे आर-पार कर अपनी तपस्या और अटूट आस्था का परिचय दिया। इन करतबों को देखकर एक ओर जहां दर्शकों की सांसें थम गईं, वहीं दूसरी ओर श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। पूरे आयोजन के दौरान ढाक की गूंज और शिवभक्ति से सराबोर माहौल ने वातावरण को पूरी तरह शिवमय बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पर्व बंगाली समाज की आस्था और परंपरा का प्रतीक है, जिसे हर वर्ष पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

# केंद्रीय विद्यालय परिसर से हटेगी विद्युत लाइन सांसद ने निधि की जारी



## लोहाघाट विकास संघर्ष समिति के प्रयास लाए रंग, जल्द शुरू होगा कक्षाओं का संचालन

**लोहाघाट।** नगर के छमनिया में नवनिर्मित केंद्रीय विद्यालय भवन परिसर में विद्युत लाइन व पोल कक्षाओं के संचालन में बाधा बने हुए है। जिस कारण विद्यालय नए भवन में शिफ्ट न होने के कारण कक्षाओं का संचालन नहीं हो पा रहा था। जिस कारण कई छात्र छात्रा केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश पाने से वंचित हो रहे थे।

मामले में लोहाघाट विकास संघर्ष समिति अध्यक्ष विपिन गोरखा के नेतृत्व में इस मांग को पुरजोर तरीके से उठाते हुए प्रदर्शन भी किया था और मांग पूरी न होने पर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में धरना व आंदोलन की चेतावनी भी दी गई थी।

मामले का सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने संज्ञान लिया है और विद्युत लाइन व पोलों को हटाने के लिए सांसद निधि जारी कर दी गई है। इस बात की जानकारी पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने देते हुए कहा सांसद अजय टम्टा के द्वारा मामले का संज्ञान लिया गया और छात्र हितों को देखते हुए अपनी सांसद निधि से निधि जारी कर दी है। कहा जल्द विद्यालय भवन परिसर से विद्युत लाइन को हटा दिया जाएगा और जल्द कक्षाओं का संचालन शुरू होगा कहा इसके लिए जिलाधिकारी के द्वारा भी बेहतर प्रयास किए गए इसके लिए वह समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से सांसद अजय टम्टा और जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार को धन्यवाद देते हैं। कहा नए भवन में विद्यालय का संचालक होने के बाद क्षेत्र के छात्र छात्राओं को अत्यधिक लाभ मिलेगा।

मामले में लोहाघाट विकास संघर्ष समिति अध्यक्ष विपिन गोरखा ने कहा समिति के द्वारा इस मामले को जोर-शोर से उठाया गया था तथा मांग पूरी करने को लेकर आंदोलन किया गया साथ ही चेतावनी दी गई थी अगर जल्द मांग पूरी नहीं होती है तो समिति मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आंदोलन शुरू कर देगी। गोरखा ने कहा सांसद अजय टम्टा के द्वारा छात्र हित को देखते हुए उनकी मांगों को मानते हुए सांसद निधि जारी कर दी गई है जिसके लिए वह सांसद अजय टम्टा तथा जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार को धन्यवाद देते हैं।

उन्होंने कहा नए विद्यालय भवन में कक्षाओं का संचालन होने से क्षेत्र के छात्र छात्राओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा। क्षेत्र के बच्चे कम खर्च में बेहतर शिक्षा इस विद्यालय से पा सकेंगे उन्होंने कहा समिति के साथ-साथ जिलाधिकारी के द्वारा भी अपने स्तर से बेहतर प्रयास किए गए इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं । कहा नए भवन में कक्षाएं संचालित होने से प्रत्येक कक्षा में छात्र छात्राओं की बढ़ोतरी होगी तथा विद्यालय नर्सरी से संचालित किया जाएगा जिसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। मामले को पर्वत प्रेरणा के द्वारा जोरदार तरीके से उठाया गया था।

# मिलते रहे आश्वासन नहीं बनी जीआईसी रोसाल की सुरक्षा दीवार छात्रों की सुरक्षा से खिलवाड़



## अधिकारियों की लापरवाही बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा। जिलाधिकारी से सुरक्षा दीवार निर्माण की मांग

**लोहाघाट।** चंपावत जिले के जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारियां के प्रति कितने जागरूक हैं इसका जीता जागता उदाहरण लोहाघाट ब्लॉक के सीमांत जीआईसी रोसाल में देखा जा सकता है। जहां 200 छात्र छात्राओं की सुरक्षा से किस प्रकार से खिलवाड़ किया जा रहा है । जहा पिछले 2 साल से एक क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार का निर्माण तक नहीं हो पाया है। विद्यालय के पीटीए अध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे ने जानकारी देते हुए बताया लोहाघाट ब्लॉक के सीमांत राजकीय इंटर कॉलेज रौसाल में प्रांगण की सुरक्षा दीवार वर्ष 2021-22 में बनी थी जो कि उसी साल सितंबर की आपदा में गिर गई।

उसके बाद दीवार को वर्ष 24-25 मे दुबारा बनाया गया जो फिर अगस्त माह की बरसात में दुबारा से गिर गई। पीटीए अध्यक्ष पांडे ने बताया उनके द्वारा लगातार विभाग व प्रशासन को इस बारे में अवगत कराया गया लेकिन अभी तक कोई सुध नहीं ली जा रही है। सिर्फ सूचना मांग कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। स्कूल में बच्चों के पास प्रार्थना करने व खेलने के लिए प्रांगण तक नही बचा है और जो दीवार गिरी उसके नीचे कक्षाएं संचालित होती है जिससे बच्चों की सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ है।

बरसात के मौसम में कभी भी कोई हादसा हो सकता है। मामले से कोई भी अधिकारी अनभिज्ञ नहीं है। पांडे ने बताया उनके द्वारा दो बार जन जन की सरकार जन जन के द्वार में संबंधित विभाग व नोडल अधिकारियो को लिखित रूप से अवगत कराया गया था कि लापरवाही बच्चों पर भारी पड़ सकती है। बार बार इसमें कुछ न कुछ बहाने बनाकर लटकाया जा रहा है विभाग लेटर लेटर खेल रहे हैं। पांडे ने कहा अगर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ कोई हादसा होता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों पर बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने के गंभीर आरोप लगाए हैं साथ ही छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए जिलाधिकारी चंपावत से सुरक्षा दीवार निर्माण की मांग की है। उन्होंने का विद्यालय में 200 छात्र छात्राएं अध्यनरत हैं।

## उप जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सको का हुआ सम्मान



**लोहाघाट।** जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि और समाजसेवी सचिन जोशी के द्वारा उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट में नव आगंतुक श्वास रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रविंद्र बोहरा , हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजीव चौहान ,महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोनिका गिरी का अस्पताल परिसर में पहुंचकर स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए दूरस्थ क्षेत्र से आने वाले मरीजों का अच्छी तरह सेवा के साथ उपचार करने का निवेदन करते हुए शाल उड़ाकर उन्हें सम्मानित किया तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी , जिला अधिकारी मनीष कुमार ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर देवेश चौहान का समस्त क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। सचिन जोशी ने कहा विशेषज्ञ चिकित्सकों के आने से अस्पताल में आने वाले दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों को बहुत लाभ मिल रहा है। तथा मरीजों को बाहर के अस्पतालों के चक्कर काटने से निजात मिल रही है।

## अमित शाह विहिप के जिलामंत्री, दीपक जिला उपाध्यक्ष बने

**लोहाघाट।** विश्व हिंदू परिषद की बैठक का विहिप जिला अध्यक्ष मोहित पांडे के अध्यक्षता में आयोजन किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री दिनेश उपाध्याय एवं क्षेत्र संगठन मंत्री मुकेश के द्वारा विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए अमित शाह को जिला मंत्री, दीपक पुनेठा को जिला उपाध्यक्ष एवं देव कार्की को चंपावत नगर अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में बजरंग दल प्रांत संयोजक पूरन जोशी, प्रांत कार्यालय प्रमुख भान जी, प्रांत संगठन मंत्री अजय एवं चंदन आदि मौजूद रहे।



## डीएम से बाराकोट टैक्सी स्टैंड निर्माण की मांग

**लोहाघाट।** जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार कल मंगलवार को लोहाघाट क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा टीआरसी पार्किंग तथा बाराकोट टैक्सी स्टैंड का निरीक्षण किया। जिला अधिकारी के द्वारा एसडीएम को जल्द टीआरसी पार्किंग के संचालन के निर्देश दिए। बाराकोट टैक्सी स्टैंड निरीक्षण के दौरान राज्य आंदोलनकारी राजू गढ़कोटी तथा समाजसेवी सचिन जोशी के द्वारा जिलाधिकारी से इस स्थान में टैक्सी स्टैंड निर्माण की मांग की उन्होंने जिलाधिकारी को बताया टैक्सी स्टैंड ना होने के कारण बाराकोट तथा बर्दाखान क्षेत्र को चलने वाले वाहन राजमार्ग के किनारे खड़े रहते हैं । जिस कारण अक्सर यहां पर अक्सर जाम की स्थिति पैदा होती है तथा टैक्सी चालकों व यात्रियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा टैक्सी चालकों के द्वारा जिलाधिकारी से स्टैंड में सड़क के किनारे इंटरलॉकिंग टाइल लगाने की भी मांग की गई। मामले में जिलाधिकारी के द्वारा समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया है कहा जल्द टैक्सी स्टैड निर्माण का आगणन तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। तथा जल्द टैक्सी स्टैंड में सड़क के किनारे इंटरलॉकिंग टाइल लगाई जाएंगी ताकि वाहन चालकों व यात्रियों को जल भराव की समस्या से छुटकारा मिल सके। सभी लोगों ने समस्या को गंभीरता से सुनने के लिए जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया।



## डीएम चंपावत का अनोखा अंदाज छात्र से बातचीत कर जानी जमीनी हकीकत पूछे किताबों के दाम

**लोहाघाट।** मंगलवार को जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार ने लोहाघाट के पंचेश्वर टैक्सी स्टैंड के निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक टैक्सी वाहन में बैठे स्कूली छात्र से संवाद कर उसके द्वारा खरीदी गई विद्यालयी पुस्तकों के मूल्य एवं उनकी उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विद्यालयी पुस्तकें निर्धारित एमआरपी पर ही उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि अभिभावकों एवं छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।इस दौरान जिलाधिकारी ने टैक्सी स्टैंड में टैक्सी संचालकों से संवाद करते हुए कहा कि ओवरलोडिंग किसी भी स्थिति में ना करें, सभी वाहन चालक निर्धारित मानकों एवं क्षमता के अनुरूप ही सवारी बैठाएं तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सुरक्षित वाहन संचालन, यात्रियों के प्रति जिम्मेदार व्यवहार एवं सड़क सुरक्षा मानकों के पालन पर विशेष बल देते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस दौरान अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी नीतू डागर, थानाध्यक्ष अशोक कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।



## सूचना अधिकारी अनुज कुमार संभालेंगे चंपावत की जिम्मेदारी

**चंपावत।** सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में जिला सूचना अधिकारियों के तबादले किए गए है। जिसका आज शासनादेश जारी किया गया है। चंपावत के जिला सूचना अधिकारी धीरज कार्की को चमोली स्थानांतरित किया गया है तो चमोली के जिला सूचना अधिकारी अनुज कुमार को चंपावत का नया जिला सूचना अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा प्रियंका जोशी को जिला सूचना कार्यालय देहरादून स्थानांतरित किया गया है और बद्री चंद का तबादला सूचना निदेशालय मुख्यालय देहरादून किया गया है।

# डीएम ने रात में किया स्वाला डेंजर जोन का निरीक्षण

## निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने के लिए निर्देश

### रात्रि यातायात प्रतिबंध के बीच गुणवत्ता व समयबद्धता पर जोर



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**चंपावत।** टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग में स्वाला डेंजर जोन में संचालित सड़क चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार ने मंगलवार को रात मे स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। 13 से 15 तक रात्रि में स्वाला में यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्वाला क्षेत्र में रात्रिकालीन यातायात प्रतिबंध के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यों को अधिकतम बढ़ाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, प्रगति, गुणवत्ता, तकनीकी मानकों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि रात्रि में यातायात बंद रहने की अवधि का पूर्ण उपयोग करते हुए कार्यों को तीव्र गति से संचालित किया जाए, ताकि निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जा सके।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए। उन्होंने कार्यों को अप्रैल माह के अंत तक पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्र (हिल साइड) में बैंच कटिंग एवं निर्माण तथा डाउन साइड में सुरक्षा दीवार (सेफ्टी वॉल) के निर्माण कार्य में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे सड़क की मजबूती के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।गौरतलब है कि निर्माण कार्यों को सुचारू एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 13 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन रात्रि 08.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक स्वाला क्षेत्र में यातायात पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रखने के आदेश जारी किए गए हैं। इस अवधि में केवल आपातकालीन सेवाओं, विशेषकर एम्बुलेंस, को ही आवागमन की अनुमति प्रदान की गई है।निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सिटीजन पुस्तकालयों में अब दी जाएगी आई आई टी, नीट और सरकारी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग

**विनोद पाल**

**टनकपुर।** सिटीजन पुस्तकालय अभियान के तहत उत्तराखंड में स्थापित 26 सिटीजन पुस्तकालयों में जल्द ही आई आई टी कानपुर के सौजन्य से भारत सरकार की साथी योजना के तहत विभिन्न परीक्षाओं जैसे आई आई टी जेई, नीट, यू पी एस सी, पी सी एस, एस एस सी, आई बी पी एस बैंकिंग, आर आर बी, क्लैट , आई सी ए आर जैसी परीक्षाओं की मुफ्त में तैयारी कराई जाएगी। यह सभी कोर्स आई आई टी के प्रोफ़ेसर तथा संबंधित परीक्षाओं के विशेषज्ञों द्वारा बनाए गए हैं। इसके तहत सिटीजन पुस्तकालय से जुड़े पाठकों को फ्री कंसल्टेशन तथा गाइडेंस की भी सुविधा होगी। इस संबंध में सिटीजन पुस्तकालय अभियान के संस्थापक हिमांशु कफलटिया तथा चंपावत जनपद के जिला समन्वयक अनिल चौधरी ने हाल ही में आई आई टी कानपुर के प्रतिनिधियों से बैठक कर शीघ्र ही साथी योजना से जुड़ने के लिए जरूरी कार्यवाही पर विचार विमर्श किया। वर्तमान में उत्तराखंड राज्य में 26 सिटीजन पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं जिनमें लगभग 1600 पाठक अध्ययनरत हैं। सिटीजन पुस्तकालयों से अभी तक 100 से अधिक अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न सरकारी विभागों और परीक्षाओं में हो चुका है। अब इन पुस्तकालयों में उच्च कोटि की मुफ्त गाइडेंस और कोचिंग से पाठकों को और अधिक लाभ मिलेगा।सिटीजन पुस्तकालय द्वारा ग्यारहवीं बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले ऐसे छात्रों से जो जेईई नीट परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं तथा अन्य परीक्षाओं के अभ्यर्थियों से अपील की है कि वह शीघ्र अपना रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु अपने निकटतस्थ सिटीजन पुस्तकालय से संपर्क करें।



## भाजपा कांग्रेस से त्रस्त जनता करे हमारा समर्थन : आप

**पिथौरागढ़।** आम आदमी पार्टी ने अल्मोड़ा पिथौरागढ़ लोक सभा क्षेत्र के सभी विधान सभा क्षेत्रों में संगठन विस्तार तेज कर दिया है। सह प्रभारी सच्चिदानंद गौड़, पिथौरागढ़ विधान सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष महादेव भट्ट, युवा नेता विजय ठाकुर और पिथौरागढ विधान सभा के विधायक प्रत्याशी रहे चंद्रप्रकाश पुनेठा ने धारचूला के बलुवाकोट में एक सभा में कहा कि उत्तराखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब भाजपा और कांग्रेस से त्रस्त जनमानस आम आदमी पार्टी का समर्थन करे। इस दौरान कई युवाओं के साथ मातृशक्ति एवं बुजुर्गों द्वारा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की गई। आम आदमी पार्टी के सह प्रभारी सच्चिदानंद गौड़ ने उत्तराखंड की 70 की 70 विधानसभाओं में चुनाव लड़ने की बात की और कहा कि उत्तराखंड की धामी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ धारचूला की जनता को एकजुट होकर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी को विधान सभा में पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा यदि 2027 में उत्तराखंड की जनता ने आम आदमी पार्टी को आशीर्वाद दिया, तो पंजाब और दिल्ली की तरह ही उत्तराखंड को भी एक मॉडल राज्य बनाएंगे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का 12 वें दिन भी जारी रहा धरना 24 घंटे धरना देने की चेतावनी



**लोहाघाट ।** चंपावत जिले में मानदेय सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकृतियों का धरना प्रदर्शन अब दिनों दिन उग्र होने होने लगा है। बुधवार को लोहाघाट के रेन बसेरा परिसर में संगठन जिला अध्यक्ष मीना बोहरा के निर्देश पर ब्लॉक अध्यक्ष कविता पंत के नेतृत्व मे आंगनबाड़ी कार्यकृतियों का आंदोलन 12 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्य कृतियों के द्वारा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए उनकी मांगों को पूरा करने की मांग की। तो वही अब सरकार की अनदेखी के बाद आंगनबाड़ी कार्य कृतियों का प्रदर्शन उग्र हो गया है।

सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए जल्द सुनवाई न होने पर उग्र आंदोलन करने तथा 24 घंटे धरना देने की चेतावनी दी है। आंगनवाड़ी संगठन ब्लॉक अध्यक्ष कविता पंत ने कहा कि लोहाघाट तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन के दौरान उन्हें वहा से जबरन हटा कर रेन बसेरा भेज दिया गया। कहा यहां निर्माण कार्य होने के चलते उन्हें धरना देने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और यह स्थान एकदम जंगल से सटा हुआ है ।कहा अगर मांगे नहीं मानी जाती है तो वह लोग इस स्थान पर 24 घंटे धरना देंगी जिस कारण धरना स्थल एकांत में होने से आंगनबाड़ी कार्य कृतियों को खतरा हो सकता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा या तो प्रशासन धरना स्थल बदले या उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जाए । कहा प्रांतीय संगठन के बैनर तले वे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रही हैं। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने सरकार से जल्द उनकी जायज मांगों को पूरा करने की मांग उठाई है।

जल्द सुनवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्हें 24 हजार प्रति माह मानदेय देने और बायोमैट्रिक से उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त करने, सेवानिवृत होने पर 10 लाख रुपये की एकमुश्त धनराशि देने की मांगे उठाई है। कहा मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के धरने से जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्र ठप पड़ चुके हैं। आंदोलन में मीनाक्षी बोरा ,संगीता शर्मा, शर्मिला बोहरा,सीता लूंठी, सरस्वती देवी, किरन देव, हेमा बिष्ट,बीना देवी,लक्ष्मी ओली ,ईश्वरी बोहरा ,हीरा बोरा ,उर्मिला देवी ,पूजा ,राधा देवी, ललिता भट्ट, रेवती सामंत ,गंगा जोशी, पुष्पा बोरा, पूजा देवी, सुनीता आर्य ,बबीता बोहरा , अनीता जोशी आदि मौजूद रही।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से गेहूं की फसलें जलकर खाक, किसानों में आक्रोश



**किच्छा।** जनपद उधम सिंह नगर में विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते गेहूं की फसलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इन घटनाओं से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिससे क्षेत्र में रोष व्याप्त है। इस संबंध में डॉ. गणेश उपाध्याय (पूर्व दर्जा राज्य मंत्री) ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विद्युत विभाग की अनदेखी अब किसानों के लिए गंभीर संकट बन गई है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसान पहले ही प्राकृतिक आपदाओं और मौसम की मार झेल रहे हैं, ऐसे में विभागीय लापरवाही उनके लिए दोहरी मार साबित हो रही है। उन्होंने उत्तराखंड सरकार से मांग की कि प्रभावित किसानों को कम से कम 40,000 प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए। डॉ. उपाध्याय ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए तो किसान एकजुट होकर विद्युत विभाग और सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## अनियंत्रित वाहनों के दबाव ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ी

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर धाम के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जागेश्वर धाम में इन दिनों श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण और अनियंत्रित वाहनों के दबाव ने स्थानीय लोगों और यात्रियों दोनों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मंदिर क्षेत्र के बाहर आरतोला में यात्रियों की सुविधा के लिए पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, ताकि तीर्थयात्री वहीं वाहन खड़ा कर पैदल मंदिर तक पहुंच सकें। लेकिन नियमों की अनदेखी करते हुए कई लोग अपने वाहनों को सीधे मंदिर परिसर तक ले जा रहे हैं। इससे मंदिर मार्ग पर लगातार जाम की स्थिति बन रही है और श्रद्धालुओं का कीमती समय भी बर्बाद हो रहा है।यही नहीं, मंदिर मार्ग के किनारे सामान बेचने वाले दुकानदारों ने भी सड़क के बड़े हिस्से पर अतिक्रमण कर लिया है। कई जगहों पर दुकानें और अस्थायी ठेले आधी सड़क तक फैल गए हैं, जिससे पैदल चलने वाले यात्रियों के लिए रास्ता बेहद संकरा हो गया है। भीड़भाड़ के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन पार्किंग व्यवस्था का सख्ती से पालन करवाए और सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को हटाए, तो यात्रियों को काफी राहत मिल सकती है। वर्तमान स्थिति में श्रद्धालुओं को लंबा इंतजार, भीड़ और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व वाले जागेश्वर धाम में व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की बड़ी जिम्मेदारी है, ताकि देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधा और सुगम दर्शन मिल सकें।

## डीएम ने पार्किंग व टैक्सी स्टैंड का किया निरीक्षण

**लोहाघाट।** जनपद चम्पावत के लोहाघाट स्थित टीआरसी परिसर के समीप विकसित किए गए पार्किंग स्थल का जिलाधिकारी मनीष कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पार्किंग स्थल की वर्तमान स्थिति, उसकी उपयोगिता तथा यातायात प्रबंधन में उसकी संभावित भूमिका का विस्तार से अवलोकन किया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पार्किंग स्थल का पूर्ण एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, जिससे लोहाघाट नगर में बढ़ती यातायात समस्या एवं जाम की स्थिति से आमजन को राहत मिल सके।उन्होंने उपजिलाधिकारी लोहाघाट को निर्देश दिए कि टैक्सी यूनियन, व्यापार मंडल, स्थानीय नागरिकों तथा अन्य सभी संबंधित हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एक समुचित एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके लिए शीघ्र ही एक बैठक आयोजित कर सभी पक्षों के सुझाव लेकर ठोस निर्णय लेने को कहा गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर में वर्तमान में संचालित टैक्सी स्टैंड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जाए तथा वाहनों के संचालन एवं पार्किंग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए जाएं, जिससे नगर में यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी लोहाघाट नीतू डागर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाप्त हो वीआईपी संस्कृति

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी (उपपा) की 'परिवर्तन जनसंवाद यात्रा' पूरे प्रदेश में तेजी से आगे बढ़ रही है। इस यात्रा का उद्देश्य उत्तराखंड की मौजूदा राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक बदहाली के खिलाफ एक सशक्त जन-आधारित विकल्प तैयार करना है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि आज राज्य जल, जंगल, जमीन के अधिकार, रोजगार, पलायन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों पर गहरे संकट से गुजर रहा है, लेकिन सरकार इन सवालों पर पूरी तरह विफल और संवेदनहीन साबित हुई है। अपने संबोधनों में उपपा के अध्यक्ष पी. सी. तिवारी ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अंकिता हत्याकांड में आज तक असली वीआईपी का नाम सामने नहीं आना सत्ता की मिलीभगत और वीआईपी संस्कृति की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसका प्रमाण है। जिस वीआईपी को पकड़ना चाहिए था, वह आज भी बेखौफ है और प्रदेश में वीआईपी संस्कृति लगातार और मजबूत हो रही है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है, उन्होंने कहा उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और आज उत्तराखंड में बहू-बेटियों की सुरक्षा गंभीर संकट में है। जब तक वीआईपी संस्कृति और सत्ता संरक्षण की राजनीति खत्म नहीं होगी, तब तक आम जनता को न्याय मिलना संभव नहीं है, उन्होंने कहा। उपपा ने कहा कि 'परिवर्तन जनसंवाद यात्रा' के माध्यम से पार्टी गांव-गांव जाकर जनता के मुद्दों को सुन रही है और उन्हें संगठित कर रही है, ताकि एक मजबूत जनआंदोलन खड़ा किया जा सकेइस क्रम में पार्टी ने कोसी, सोमेश्वर, चनौदा, कौसानी, बैजनाथ और गरुड़ क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान और नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर स्थानीय जनता से सीधा संवाद किया। इन सभाओं में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं और आक्रोश व्यक्त किया इस जनसंवाद यात्रा में उपपा अध्यक्ष पी. सी. तिवारी के साथ गोपाल, किरन, पूजा, दीक्षा, हर्ष काफर, दिनेश उपाध्याय, प्रकाश और लक्ष्मी बोरा सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने वीआईपी संस्कृति, कानून-व्यवस्था और जनसरोकारों के मुद्दों पर तत्काल ठोस कदम नहीं उठाए, तो उपपा इस अभियान को प्रदेशव्यापी आंदोलन में बदलते हुए सड़कों से लेकर सदनों तक संघर्ष तेज करेगी।